इंदौर | सोमवार | 12 मई 2025 | वर्ष 65 | अंक 97 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social



# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी १९३८ से

बुद्ध पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं



4 वक्त पर काम आया सुदर्शन चक्र


5 युद्ध भारत की प्राथमिकता नहीं : डोभाल


8 भारत ने श्रीलंका को हराया


9 विदेशी कंपनियों के खिलाफ दिल्ली में 16 मई को संगोष्ठी


## एक नजर में



### करुणा के प्रतीक हैं भगवान बुद्ध : राष्ट्रपति मुर्मु

**नई दिल्ली.** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर देश के सभी नागरिकों और दुनियाभर में भगवान बुद्ध के अनुयायियों को शुभकामनाएं दी हैं. उन्होंने कहा कि यह पवित्र दिन सभी को अहिंसा, प्रेम और दया का संदेश देता है. राष्ट्रपति मुर्मु ने अपने संदेश में कहा कि भगवान बुद्ध करुणा के प्रतीक हैं और उनका जीवन मानवता के कल्याण के लिए प्रेरणास्रोत है. उनका अमर संदेश हमें बराबरी, मेलजोल और सामाजिक न्याय जैसे मूल्यों पर विश्वास करना सिखाता है. उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध के उपदेश हमें सच्चाई और नैतिकता से जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं. उन्होंने देशवासियों से अपील की कि वे इन आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और एक शांतिपूर्ण, एकजुट और विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें.

### राउत ने सीजफायर समझौते पर उठाए सवाल

**भोपाल.** संजय राउत ने कहा कि इस समझौते से भारतीय सेना का मनोबल गिरा है और यह निर्णय अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इशारे पर लिया गया. राउत ने कहा कि जब तक पहलगाम आतंकी हमले में शामिल आतंकियों का खात्मा नहीं होता, तब तक ऑपरेशन सिंदूर अधूरा है. शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने भारत और पाकिस्तान के बीच हुए हालिया समझौते पर सरकार को घेरते हुए इसकी टाइमिंग पर सवाल खड़े किए हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि यह समझौता ऐसे समय किया गया जब पाकिस्तान को सबक सिखाने का सुनहरा अवसर था. इसके साथ ही उन्होंने इस गंभीर मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है.

### बाघ के हमले में वन अधिकारी की मौत

**भरतपुर.** राजस्थान में सवाई माधोपुर जिले के रणथंभौर टाइगर रिजर्व में बाघ के हमले में एक वन अधिकारी की मौत होने की जानकारी प्राप्त हुई है. पुलिस के अनुसार जोन नंबर-3 में रविवार दोपहर गुढ़ा नाके से जोगी महल आकर यज्ञशाला के पास ट्रेकिंग कर रहे रेंजर देवेंद्र चौधरी की गर्दन पर दांतों और नाखून से छोटी छतरी के पास हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया. हमले के बाद टाइगर बीस मिनट तक रेंजर के शव पर बैठा रहा. घटना के बाद वनकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद टाइगर को वहां से भगाया. वन अधिकारी देवेन्द्र को जिला अस्पताल लेकर जाया गया जहां चिकित्सको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. वनकर्मियों से मिली सूचना के बाद वन विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गये.

### क्रिकेटर मिचेल कभी पाकिस्तान नहीं जाएंगे

**भोपाल.** रिशाद ने कहा कि जब संघर्ष की शुरुआत हुई थी तो न्यूजीलैंड के बल्लेबाजी ऑलराउंडर डेरिल मिचेल ने उन्हें बताया कि वह कभी भी पाकिस्तान नहीं लौटेंगे, खासकर इन स्थितियों में, क्योंकि पीएसएल के दौरान सारे विदेशी खिलाड़ी डरे हुए थे. बांग्लादेश के लेग स्पिनर रिशाद हुसैन ने पाकिस्तान सुपर लीग के दौरान खिलाड़ियों के बीच डर के माहौल का खुलासा किया है.

# वहां से गोली तो यहां से चलेंगे गोले

## पाकिस्तान के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेना को दी खुली छूट

**नई दिल्ली, 11 मई. प्रधानमंत्री मोदी ने तीनों सेनाओं और सुरक्षा बलों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वहां से गोली चलेगी, यहां से गोला चलेगा. यानी अब भारत रक्षात्मक नहीं रहेगा, बल्कि आक्रामक नीति अपनाएगा. पाकिस्तान को यह समझना होगा कि अब पुराने तरीके से काम नहीं चलेगा. भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा के बाद रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाई लेवल की बैठक की. इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनएसए अजित डोभाल, सीडीएस अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख भी शामिल थे.**

प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से साफ कहा था कि अगर पाकिस्तान कुछ करता है तो जवाब और भी विनाशकारी और कड़ा होगा. उसी रात पाकिस्तान ने 26 ठिकानों पर हमला किया और भारत ने इस पर जोरदार जवाबी कार्रवाई की. भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच सरकारी सूत्रों ने साफ कर दिया है कि ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है. यह कोई एक दिन की कार्रवाई नहीं थी, बल्कि अब इसे भारत-पाक रिश्तों का नया दौर कहा जा रहा है. यह स्थिति अब स्थायी रूप से बनी रहेगी और दुनिया को इसे नए सामान्य की तरह स्वीकार करना होगा.



- भारत अब आक्रामक नीति अपनाएगा
- पाक कुछ करता है तो जवाब विनाशकारी होगा
- तीनों सेनाओं के प्रमुख भी शामिल थे बैठक में

### हमें किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं

भारत ने साफ किया आतंकियों को सौंपने के अलावा हम किसी अन्य मुद्दे पर बात नहीं करेंगे. कश्मीर पर हमारी स्थिति बहुत स्पष्ट है, अब केवल एक ही मुद्दा बचा है- पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस करना. इसके अलावा और कोई बात नहीं है. हमें किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं है.






### हमारा लक्ष्य आतंकियों पर निशाना, लाशें गिनना नहीं




डीजीएमओ राजीव घई ने बताया, सेना ने सीमा पार के आतंकी परिदृश्य को समझने के लिए बहुत मेहनत की. सुरक्षाबलों ने सूक्ष्मता से काम काम करते हुए कई आतंकी शिविरों और प्रशिक्षण स्थलों की पहचान की. कार्रवाई करने के लिए कई जगहें सामने आईं, लेकिन हमने तय किया कि केवल आतंकवादियों को ही निशाना बनाएंगे और आम नागरिकों के साथ-साथ दूसरे नुकसान को रोका जाएगा. खुफिया एजेंसियों ने 9 आतंकी शिविरों के बारे में पुष्टि की. इनमें से कुछ पाकिस्तानी कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में थे, जबकि कुछ अन्य पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में थे. मुरीदके लश्कर-ए-तैयबा का केंद्र है. पिछले कई वर्षों में यहां अजमल कसाब और डेविड हेडली जैसे कुख्यात लोगों को ट्रेनिंग मिली है. 9 और 10 मई की रात को भी पाकिस्तान ने एयरफील्ड और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की कोशिश की. थलसेना और वायुसेना की समेकित वायु रक्षा प्रणाली की वजह से हर हमले को नाकाम कर दिया गया. भारत की गोलाबारी में पाकिस्तान की सेना के 35-40 जवान मारे गए. सेना के अधिकारयों ने बताया कि भारत की जवाबी कार्रवाई के डर से कुछ आतंकी ठिकाने खाली हो गए. ऑपरेशन सिंदूर के लिए सोच-विचार कर 9 आतंकी शिविरों को हमले के लिए चुना गया. 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए. कंधार विमान अपहरण में शामिल रऊफ अजहर जैसे हाई वैल्यू टारगेट यानी वांटेड आतंकी को भी खत्म कर दिया.

# एसआईए ने 20 स्थानों पर की छापेमारी

## जम्मू कश्मीर में स्लीपर सेल मॉड्यूल का किया भंडाफोड़

**श्रीनगर 11 मई. जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने रविवार को दक्षिण कश्मीर में 20 स्थानों पर छापेमारी के दौरान स्लीपर सेल मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया.**

पुलिस ने कहा कि तकनीकी खुफिया जानकारी से संकेत मिला है कि कश्मीर में कई स्लीपर सेल अपने पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स के सीधे संपर्क में थे और व्हाट्सएप, टेलीग्राम और सिग्नल सहित मैसेजिंग ऐप के माध्यम से सुरक्षा बलों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के बारे में संवेदनशील और रणनीतिक जानकारी देने में शामिल थे. पुलिस ने कहा कि ये आतंकी सहयोगी लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मुहम्मद के आतंकवादी कमांडरों के इशारे पर ऑनलाइन कट्टरपंथी प्रचार में भी शामिल थे, जो राष्ट्रीय सुरक्षा और अखंडता को प्रभावित कर रहा था. पुलिस ने कहा, छापेमारी के दौरान पर्याप्त मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई है और संदिग्धों को आगे की पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है. प्रारंभिक जांच से स्पष्ट रूप से पता चला है कि ये संस्थाएं आतंकवादी साजिश में सक्रिय रूप से शामिल हैं, भारत विरोधी बयानों का प्रचार और प्रसार कर रही हैं.

### नियंत्रण रेखा पर जनजीवन सामान्य

संघर्ष विराम के चलते कश्मीर के सीमावर्ती इलाकों में जनजीवन धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है, क्योंकि रविवार को एक पखवाड़े से अधिक समय में पहली बार नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर किसी भी सेक्टर से गोलीबारी की कोई खबर नहीं आई. अधिकारियों ने पुष्टि की कि कश्मीर क्षेत्र में 350 किलोमीटर लंबी नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम उल्लंघन की कोई खबर नहीं है.

## पंजाब में पकड़े गए देश के दो गद्दार

**चंडीगढ़, 11 मई.** भारत-पाकिस्तान में चल रहे तनाव के बीच पंजाब में देश के दो गद्दारों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पंजाब पुलिस ने रविवार को ऐसे दो लोगों को गिरफ्तार किया है जो पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहे थे. दोनों लोग दिल्ली स्थित पाकिस्तान के एक उच्चायोग अधिकारी के लिए जासूसी कर रहे थे. दोनों आरोपियों को पुलिस ने मलेरकोटला से पकड़ा है. पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने इस संबंध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा की है.




# ध्वनि की गति से तेज है भारत की ब्रह्मोस

**लखनऊ, 11 मई.** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश में ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन और टेस्टिंग सुविधा सेंटर का उद्घाटन किया गया है. ब्रह्मोस मिसाइल भारत और रूस के बीच एक संयुक्त परियोजना का परिणाम है, जो आज भारत की सैन्य ताकत का अहम हिस्सा बन चुका है. इस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का नाम भारत की ब्रह्मपुत्र और रूस की मॉस्कवा नदी के नामों को मिलाकर रखा गया है.

ब्रह्मोस मिसाइल की सबसे बड़ी विशेषता इसकी गति है. यह माक 2.8 से माक 3.0 तक की रफ्तार से उड़ान भर सकती है, जो कि ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना तेज है. इसके साथ ही यह मिसाइल 200 से 300 किलोग्राम तक का पारंपरिक वॉरहेड ले जाने में सक्षम है और इसकी मारक क्षमता प्रारंभ में 290 किलोमीटर थी.इस मिसाइल को जमीन, समुद्र, वायु और पनडुब्बियों से दागा जा सकता है, जो इसे अत्यधिक बहुउपयोगी और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बनाता है.

> ब्रह्मोस मिसाइल की सटीकता, गति और रडार से बचने की क्षमता इसे दुनिया की सबसे घातक मिसाइलों में से एक बनाता है. यह मिसाइल न केवल भारत की शक्ति को बढ़ता है, बल्कि देश को मिसाइल तकनीक के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनाता है. भारत ने ब्रह्मोस को फिलीपींस जैसे मित्र देशों को निर्यात करना भी शुरू कर दिया है, जिससे यह मिसाइल 'मेक इन इंडिया' अभियान की एक वैश्विक पहचान बन रही है.

# कनाडा की लिबरल पार्टी बहुमत से दो सीट पीछे

**ओटावा 11 मई. कनाडा की लिबरल पार्टी ने न्यायिक पुनर्मतगणना के बाद एक और सीट हासिल प्राप्त की है. जिससे वर्तमान में हाउस ऑफ कॉमन्स में उसकी सीटें 170 हो गई हैं, जो बहुमत से केवल दो सीट कम है.**

कनाडा ने शनिवार को पुनर्मतगणना के बाद टेरेबोन निर्वाचन क्षेत्र के मतदान परिणामों को अपनी वेबसाइट पर जारी किया। वहीं इससे पहले, ब्लॉक क्यूबेकॉइस की मौजूदा नथाली सिंक्लेयर-डेसगैन ने लिबरल की तातियाना ऑगस्टे को 44 वोटों से हराया था. पुनर्मतगणना के बाद, ऑगस्टे को 23,352 वोट मिले.

- हाउस ऑफ कॉमन्स में 170 वोट मिले

# घुसपैठ रोकने बढ़ाई गई निगरानी

**नई दिल्ली 11 मई.** भारत और पाकिस्तान के बीच में चल रहे तनाव को ध्यान में रखते हुए और घुसपैठ को रोकने के लिए भारत और नेपाल के सुरक्षा बलों ने बर्दिया और भारत के बीच 83 किलोमीटर खुले सीमा क्षेत्र के 20 बिंदुओं पर निगरानी बढ़ा दी है.

इस क्षेत्र का अधिकतर हिस्सा भारत के कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य और घने वन क्षेत्रों से सटा हुआ है, जिन्हें उच्च जोखिम वाले क्षेत्र माना जाता है. काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, बर्दिया की मुख्य जिला अधिकारी रुद्रदेवी शर्मा ने कहा, नेपाल के सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ), नेपाल पुलिस और भारत के सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की ओर से नो-मैन्स-लैंड में संयुक्त गश्त की जा रही है.




> यह कदम आपराधिक गतिविधियों जैसे अवैध सीमा पार आवागमन, फरारी अपराधी, मादक पदार्थों और मानव तस्करी जैसी चिंताओं के चलते उठाया गया है. वैध पहचान पत्र भी जरूरी कर दिया गया है. अब सीमा पार करने वाले लोगों को यात्रा का उद्देश्य, गंतव्य, वापसी की तारीख और मिलने वाले व्यक्ति की जानकारी देना अनिवार्य किया गया है.

**बोले मुख्यमंत्री** | महापौर रोजगार मेले में उमड़ी युवाओं की भीड़, 150 से ज्यादा कंपनियों ने दिया रोजगार का मौका

# युवाओं को रोजगार देकर आत्मनिर्भर बनाना प्राथमिकता : डॉ. मोहन

**नवभारत न्यूज**

**इंदौर, 11 मई. हमारे राज्य का युवा सक्षम, योग्य और आत्मनिर्भर बने ,यह हमारी सरकार की प्राथमिकता है. हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है कि रोजगार और स्वरोजगार देकर समाज और प्रदेश को स्वावलंबी बनाया जाए.**

प्रदेश में हर क्षेत्र में रोजगार सृजन के लिए तेजी से प्रयास किए जा रहे है, चाहे वह परम्परागत दुग्ध पालन का क्षेत्र हो या आधुनिक आईटी का क्षेत्र. यह बात मुख्यमंत्री ने कही. डॉ. मोहन यादव आज दशहरा मैदान में आयोजित महापौर मेगा रोजगार मेले के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोले कि ताप्ती नदी का महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के बीच एमओयू हुआ है. इससे बड़ी राहत मिलेगी और कृषि का रकबा बढ़ेगा. उन्होंने जिला स्तरीय रोजगार मेला में कहा कि सरकारी पद सिर्फ 10 लाख है. सरकार में इतनी नौकरी नहीं हो सकती है, इसलिए संभाग स्तरीय 8 इंडस्ट्री कॉन्क्लेव किया है. इससे निजी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध करने के प्रयास सरकार कर रही है. उन्होंने बताया कि स्वरोजगार, रोजगार के लिए सरकार तैयार है. हमारी सरकार कृषि विकास योजना, लघु और कुटीर उद्योगों के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ा रही है. रोजगार आधारित काम करने और उद्योग लगाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है. मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार आधारित कारखाने, बिजली, जमीन सरकार देगी और उसमे काम करने वाली लेबर को प्रति लेबर 5 हजार रुपए महीने सरकार द्वारा दिए जाएंगे. इस मौके पर कौशल विकास मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि सफाई के साथ कौशल विकास की दिशा में भी इंदौर नंबर वन बनेगा. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि रोजगार के साथ देश आगे बढ़ेगा और सेना के जवानों को संबल देगा. रोजगार मेले में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, सांसद शंकर लालवानी, विधायक मालिनी गौड़, रमेश मेंदोला गोलू शुक्ला, महेंद्र हार्डिया सहित कई लोगों मौजूद थे.




> नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में महापौर का रोजगार मेले में बड़ा योगदान है. यह कार्य बड़े लक्ष्य को इंगित करता है. इसमें 150 से ज्यादा कंपनियों आई है. विजयवर्गीय ने कहा कि विषय से हटकर बात कर रहा हूं . भारत ने पाक को आतंकी हमले में प्रूफ नहीं दिया, बल्कि उनके आतंकी अड्डे तबाह करके बता दिया कि अब हालत बदल चुके है.